an>

Title: Combined discussion on the Budget for the Uttarakhand Budget for 2016-17 and Demands for Grants (On Account) Nos. 1 and 3 to 31 in respect of Budget for Uttarakhand for 2016-17.

HON. SPEAKER: Now the House will take up General discussion and Demands for Grants on Account (Uttarakhand).

Motion moved:

> "That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third colomn of the Order Paper be granted to the President, out of the Consolidated Fund of the State of Uttarakhand, on account, for or towards defraying the charges during the year ending on the 31st day of March, 2017, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos.1 and 3 to 31."

DEMANDS FOR GRANTS

THE MINISTER OF FINANCE, MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI ARUN JAITLEY): I will just give the brief context in which the moving of this Bill is a constitutional necessity. Under the Constitution, the Legislature of every State shall have to pass its own budget. As far as the State of Uttaratkhand – I should not be misunderstood because these issues are pending, even before courts - notwithstanding what the courts decide, the passage of this Bill is a constitutional necessity. Otherwise, there will be a grave crisis as far as Utharakhand is concerned.

On the 18th of March, Vidhan Sabha of Utharakhand took up the budget. It is now stated and alleged that nine Members of the Ruling Party voted against the budget. Therefore, the simple arithmetic seems to suggest that theâ€¦..

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): They have not voted. There was no voting at all. The budget was passed by voice vote.

SHRI ARUN JAITLEY: Voice vote is also a voting. Since Shri Kharge has raised it, let me give the facts. I did not want to get into grey areas. Madam, 27 Members gave in writing that `we want a division'. Thereafter 36 Members told the Governor in writing that `we have voted against the budget, and we wanted a division'. This is the first time in the history of Independent India that out of 67 Members present, 35 or 36 are giving it in writing stating that they have voted against the budget, and the budget is still declared to be passed. Therefore, there is a serious doubt and a cloud whether a budget has been passed or not. After the budget was passed, the Speaker of the House has to certify and write to the Governor that the budget has been passed, and the Governor has to accept that.

From 18th till the midnight of 27th of March, when the Council of Ministers recommended action under Article 356, no recommendation or certificate had come that the budget has been passed. On the morning of 28th of March, President's rule was proclaimed. Thereafter, on the afternoon of 28th of March, the Governor received a certificate from the Speaker – on 28th of March – which is dated 19th of March saying that `I had already on 19th of March declared the budget to be passed'. The Reports of the Governor *prima facie* say that there is a doubt and a cloud because the number seem loaded against the budget. The fact that nine Members have been disqualified means that the nine have voted against the Party, and therefore against the budget. If nine have voted in favour of the budget, and the budget was passed, there is no reason why they should have been disqualified. The very fact that the Speaker had disqualified them itself is an evidence. You can't have it both ways. Nine have been disqualified because they voted against the budget. So, the Government would have gone.

I do not want to go into these areas. Now there is a serious doubt about the passing of the Budget. On the 31st of March, having proclaimed the President's Rule, the Central Government was faced with a question as to what happened to the so-called Budget that has been passed on the 18th of March. Was it passed or was it not passed? No Appropriation Bill has been authorised by the Governor as yet. When the President's Rule was proclaimed, even a certificate from the Speaker had not come and so, from the 1st of April, the State would have been pushed into a further constitutional crisis that not a rupee to be spent by the State of Uttarakhand would have been authorised. So, the Secretariat would have stopped working, their office here in Delhi would have stopped functioning, salaries would not be payable, the High Court would have stopped functioning, if there are vehicles, nobody would put fuel into the vehicles because no money was sanctioned with effect from the 1st of April, and, therefore, on the 31st of March, to avoid such a constitutional crisis, more as a matter of abundant caution – because what happened on the 18th of March itself was a grey area and highly doubtful that it had been passed – we issued an Ordinance in support of the Appropriation Bill itself, sanctioning the appropriation for the financial year 2016-17. It is that Ordinance, along with the Budget, has come up for consideration before this House today.

Since then, there were multiple challenges. One is a challenge with regard to the voting rights of nine people which we are not concerned in the debate today. The second is a challenge which some Members of the Congress Party have made saying, 'no, this Appropriation Bill is not necessary because we believe that on 18th March the Budget had been passed and the Speaker's certificate is the final declaration to that effect.' That matter has not even come up for hearing; we do not know what the courts will do on that matter. There is a third matter where the High Court said that the Proclamation under Article 356 is not valid; that matter is taken up in appeal; that matter was heard and tomorrow the *Vidhan Sabha* meets to decide what is to happen again.

Now, various things can happen. The previous Government can continue and be revived, a new Government can come in or the President's Rule can continue. This does not reflect on any of these three situations. If any new Government is formed of either party, it will be entitled to call for its own Session of the *Vidhan Sabha,* pass its own Budget and make changes to whatever we are doing. Alternatively, if the President's Rule is to

continue, then I have asked for an appropriation for a period of four months so that the expenditure of the State can go on meanwhile. Even if a new Government comes in of either party as a result of what happens tomorrow, with effect from the 1st of April, till the *Vidhan Sabha* passes its Budget again, because of this cloud of 18th March, the expenditure undertaken has to be sanctioned and that can only be sanctioned under this Budget. Therefore, irrespective of what happens tomorrow, if there is a new Government which comes in or the old Government which comes in or the President's Rule continues, the due course of the Constitution will follow. But, in any of these situations, we do not want a constitutional crisis there that tomorrow a situation comes where the expenditure with effect from the 1st of April has not been sanctioned.

Therefore, as a matter of abundant caution, as a constitutional necessity, we should approve the Budget, the appropriation for a period of four months and the Ordinance which has been issued. In case a popular Government is installed in the State, it will be entitled to call its own *Vidhan Sabha* Session and then correct whatever changes that they want to make. We are not making any detailed provisions, but we are just providing for the expenditure and the receipts itself so that the constitutional necessity can be fulfilled.

Now, this is not contingent on what happens tomorrow. The only area it is contingent on is because there is a serious doubt about passing of the Budget. The Congress Party may well contend that on 18th of March the Budget was passed; *prima facie* the number suggests that it was not passed. Therefore, we can leave that dispute as a political contention between the two of us. But this is a constitutional necessity where the Lok Sabha has its own duty to perform and, that is why, I am recommending to this House that these proposals of the Government be accepted.

HON. SPEAKER: Shri Gaurav Gogoi.

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Madam, I have a small point.

HON. SPEAKER: What is it?

PROF. SAUGATA ROY : I am concerned because this is involving the Speaker. As we know, in this House, the Speaker is supreme. When you pass the Budget in this House, it is you, Madam, who certifies that this Budget has been passed. I am not going into the sordid tales of horse trading allegations made....(*Interruptions*) Just one moment. The Speaker of the Uttarakhand Assembly gave in writing that the Budget has been passed by the Assembly. If I go by the recent trends in Court judgement, the Speaker's opinion in any matters regarding legislation, defection is final. I may inform you, Madam, you may already be knowing that today the Uttarakhand High Court has held that the anti-defection action against the nine dissident MLAs by the Speaker was correct and it has been upheld. So my contention is that we should do nothing that impinges on the absolute authority of the Speaker at the Centre or the State to interfere in the matter. I think that, yes, what Mr. Jaitley has said as a responsible Finance Minister, it is his duty to see that administration does not come to a standstill, that the cars can be fuelled, the Secretariat may open etc. He is taking care of that contingency. I am talking of another contingency; if a Speaker says, yes, the Budget has been passed. He says that *prima facie* it appears that nine people did not vote. That is *prima facie*; it has no proof. In a voice vote, who knows whose voice is the loudest? Two people may shout louder than 20 people. So my contention is that in such a situation, we should not have hurried to have the Appropriation Bill regarding Uttarakhand to be passed. It is because, it is a question of upholding the supremacy of you, Madam Speaker. If you change the law, change the Constitution, if you give the Election Commission power to decide on anti-defection, that is a different matter. The law as it stands today is that with regard to giving certificates, like if you give a certificate that this is a Money Bill, this is the last word. Not even the President of India can interfere. If you give a certificate that these are people who are disqualified on grounds of Anti Defection Law, nobody up to now can do anything about it. If the Uttarakhand Speaker gives a certificate that the Budget is passed, whether it is in good faith, whether he was correct, whether the drama was sordid etc., I do not want to go into this. I want your considered ruling on the matter regarding the supremacy of the Speaker in the House and in the legislative Business. That is all, Madam.

HON. SPEAKER: Shri Gaurav Gogoi.

SHRI ARUN JAITLEY: Madam, because this issue repeatedly arises, I think, we should set it at rest. I substantially agree with what Mr. Saugata Roy is saying. Article 212 clearly says, the proceedings of the Legislature are not to be questioned in any House before a court. Therefore, when a Speaker gives a ruling, the mandate of the Constitution is that the Speaker's ruling cannot be questioned in court. These days, I find that Mr. Saugata Roy is very charitable towards the principal Opposition Party.

PROF. SAUGATA ROY: No, I am not....(*Interruptions*)

SHRI ARUN JAITLEY: No, you are.

PROF. SAUGATA ROY: They campaigned against us...(*Interruptions*) I am very hostile to them....(*Interruptions*)

SHRI ARUN JAITLEY: Even when your Party outside this House and in the other House strongly opposes them, you alone are seen supporting them. I have seen it on more than one occasion. ...(*Interruptions*)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): This is a misinterpretation; I strongly disagree....(*Interruptions*)

SHRI ARUN JAITLEY: I will tell you where he goes wrong....(*Interruptions*)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY: We are maintaining equidistance....(*Interruptions*) To Narendra Modi *ji*, Sonia *ji*, Rahul *ji*, Sitaram Yechury, all parties, we have shown big thumbs up to them. On 19th May, we are showing the results....(*Interruptions*)

SHRI ARUN JAITLEY: Madam, where is the difference? What do you do? Let us take a hypothetical situation. A Budget or a legislation itself in a State Assembly is defeated. The Speaker says: "Even though the measure in front of me has defeated it, I declare it passed." If Mr. Saugata Roy is right then the Constitution is helpless....(*Interruptions*) Now, Speaker is the master of the House. Members in writing demand a division or members

orally demand a division. The proceedings of the Vidhan Sabha indicate: "A division was asked for but I declared it passed." ...(*Interruptions*) Please, have the patience. Now, when you have taken up their brief, you must get the answer. â€¦ (*Interruptions*) What does happen? Can, under Article 212, the court go into it? The answer is 'no', the court still cannot go into it. You are right. But under Article 356, there is no greater violation of the Constitution than a violation where a Speaker wrongly interprets the arithmetic and a Government, which should have gone that day, he saves the Government by wrongly counting the arithmetic. Now, please understand. If a Budget fails, the Government has to resign. A Speaker declares a defeated Budget as passed. Is it failure of the Constitutional machinery under Article 356? The answer is 'yes'. Can a court go into it under Article 212? The answer is 'no'. So, you are absolutely right. If a Speaker misconducts himself and declares a failed Bill as passed, the court will still have to accept that. But the President's satisfaction under Article 356 is not limited by powers of the court under Article 212. The President can still say: "This is the best example of the failure of the Constitutional machinery that a failed budget is being declared as passed. A Government, which should have fallen that day, is being allowed to continue." It is nowhere our case that under Article 212, the court should go into it. The President took cognizance of this and the President, through the Council of Ministers, came to the satisfaction that 27 plus 9 is 36. Thirty-six constitutes a majority in a House where 67 people are present. Therefore, if 36 say: "I have voted, in writing, against the Bill or the Budget, and the Speaker declares it passed, that is a failure of the Constitutional machinery. The Governor, therefore, has rightly not given assent to the 18th March Bill. In the absence of Governor's assent, there is no Budget. There is no Appropriation Bill. Therefore, the State will be pushed on the 1st of April into a Constitutional crisis. It is, therefore, required that the Centre steps in and the Lok Sabha under Article 356 does its own duty and passes the Appropriation Bill of the State.

PROF. SAUGATA ROY: If the Speaker does something, the President or the Governor has no right to call the Speaker's decision right or wrong under Article 356 or whatever. But still to disprove Mr. Jaitley's allegation that I am getting closer to the Congress Party, we, the Trinamool Congress, will support him to prove that we are not snuggling up to anybody. We are equally opposed to BJP and the Congress, CPM combined.

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): अध्यक्ष महोदया, सबसे पहले मैं यहां से बोलने के लिए आपकी अनुमति चाहता हूं।

दूसरा, ऐसा लगता है कि एक कोर्ट में हम दो वरिÂष्ठ लॉयर्स की बातें सुन रहे हैं और कहीं हम भूल गये हैं कि यह बिल भारत के बहुत ही सुन्दर राज्य से जुड़ा हुआ है। वह राज्य उत्तराखंड है, जिसकी आबादी एक करोड़ है। वह बहुत ही सुन्दर जगह है। लाखों लोग वहां गंगा के किनारे प्रार्थना करते हैं, चार धाम की यात्रा करते हैं। मैं भी उत्तराखंड में भीमताल, नैनीताल, गैरसैण, अंजनीसैण, गया हूं। हम हिमालय के पर्वतों पर जितना ऊंचा जाते हैं, उतना हमें लगता है कि हम भगवान के और करीब आ गये हैं। शायद इसीलिए उत्तराखंड का नाम देवभूमि है। आज उस उत्तराखंड के लोगों को, उस उत्तराखंड की संस्कृति को हमें यहां पर लाना चाहिए। वहां के लोगों के अंदर की आत्मशक्ति और संस्कृति के प्रति प्रेम दिल को छू लेता है। कुछ ऐसे गाने हैं जो एक बार जुबान पर आ जाएं तो जाते नहीं हैं, चाहे बेड़पाक हो, बारमासा हो, या नया गाना हो जैसे - बंटी तेरो मोबाइल, वाह भई क्या तेरी स्माइल। उत्तराखंड की और खूबसूरत बात वहां के लोग हैं। कुछ यहां पर भी हैं, मैं स्वयं उनसे मिला हूं। 1970 में उत्तराखंड के लोगों ने चिपको आंदोलन की शुरुआत करके पूरे देश को आवाज दी कि अगर अपने भविÂष्य का संरक्षण करना है तो स्वयं जमीन पर आना पड़ेगा। आप मानो या न मानो टिहरी आंदोलन में भी सुंदर लाल बहुगुणा के नेतृत्व में उत्तराखंड के लोगों ने दिखाया कि उनके अंदर कितनी आत्मशक्ति है। उनकी आवाज, उनके सपने 9 नवंबर, 2000 को साकार हुए जब उत्तराखंड, उत्तरांचल का जन्म हुआ। इसके बाद 2006-2007 में उत्तरांचल से उत्तराखंड का नामकरण हुआ। इतिहास में एक बात देखी गई कि इस देवभूमि के लोगों में देव शक्ति है, दिव्य शक्ति है, ये संविधान का सम्मान चाहते हैं। उत्तराखंड के लोग लोकतंत्र चाहते हैं। उत्तराखंड में तीन बार असैम्बली इलैक्शन हुए हैं, तीन बार लोकसभा इलैक्शन हुए हैं। हाल में ही असैम्बली इलैक्शन 2012 को हुआ। उत्तराखंड के लोगों ने क्या मांगा, कांग्रेस की सरकार। ये उनके सपने हैं। वे लोकतंत्र के अधिकार का पालन करके कांग्रेस सरकार लेकर आए। इस वÂान के आरंभ में एप्रोप्रिएशन बिल उत्तराखंड के उन्नयन और भविष्य के लिए लेकर आए। लेकिन लगता है कि यहां पर बड़ा भाई रायसीना हिल पर बैठा हुआ है। बड़ा भाई चाहता है, छोटे राज्यों में क्या हो रहा है, इससे उनका कोई मतलब नहीं है। वह अपना अहंकार दिखाएंगे।

मैं कुछ फैक्ट्स और महत्वपूर्ण तिथियां आपके सामने रखना चाहता हूं। वरिÂष्ठ मंत्री यहां पर हैं, उन्होंने इतिहास बताया, लेकिन शायद सबको इतना मालूम नहीं है इसलिए उन लोगों के लिए मैं आपका ध्यान कुछ महत्वपूर्ण तिथियों की तरफ दिलाना चाहता हूं। इसके बाद आपको खुद पता चलेगा कि उत्तराखंड के लिए आपके दिल में कितना लगाव है और आप लोग राजनीतिक उद्देश्यों को कितना सिर पर रखते हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, 18 मार्च को बिल पारित हुआ, मनी बिल था, एप्रोप्रिएशन बिल था। स्पीकर ने 28 मार्च के लिए एजर्न किया। आपने जैसा कहा कि कुछ विरोधी थे, बिल पारित हुआ कि नहीं हुआ। आपने खुद कहा कि कोर्ट नहीं देख सकता कि असैम्बली की प्रोसीडिंग कैसे हुई। लेकिन अगर असैम्बली में मेजोरिटी दिखानी है तो मेजोरिटी दिखाने का एक ही उपाय है, जो 1996 के बोम्मई में जजमेंट में थी - "Majority can only be proved on the floor of the House." 20 मार्च को गवर्नर, स्पीकर, मुख्यमंत्री तीनों ने मिलकर निर्णय लिया कि 28 मार्च को फ्लोर टैस्ट होगा। 28 मार्च को दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता लेकिन क्या हुआ। 26 मार्च को असम के जोरहाट टाउन में प्रचार करते हुए माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी को रात को रुकना था, लेकिन रायसीना हिल से कहीं से फोन आया कि हाई कोर्ट की जजमेंट हाउस के कम्पोजिशन नौ एमएलए पर बीजेपी के हित में नहीं गई है, कुछ करना पड़ेगा। हमने पहली बार देखा कि रातों रात 26 मार्च को माननीय प्रधानमंत्री प्रचार छोड़कर आए और 12 घंटे में 27 मार्च को प्रेजीडेंट रूल की घोÂषणा हो गई। ऐसी क्या बात हुई, ऐसी क्या जिम्मेदारी, ऐसी क्या जल्दी थी? यह आपकी कैसी राजनीति है कि रातों रात आपने डिसाइड किया? ...(व्यवधान) आप अभी से उत्तेजित क्यों हो रहे हैं, अभी तो मैं फैक्ट्स बता रहा हूं।...(व्यवधान) आपकी यह हलचल उत्तराखंड में भी दिखाई दी कि जब 28 मार्च को फ्लोर टैस्ट था, आप 28 मार्च तक रुक नहीं पाए। गवर्नर ने कहा कि फ्लोर टैस्ट करो लेकिन आप फ्लोर टैस्ट के लिए रुक नहीं पाए और 27 मार्च को प्रोक्लेमेशन दे दिया। 29 मार्च को सिंगल बैंच का एक आर्डर आता है कि संविधानिक तरीके से दोबारा फ्लोर टैस्ट 31 मार्च को करते हैं और देखते हैं कि हाउस में किसकी मैजोरिटी है। इसे भी केंद्र ने चैलेंज किया और दूसरे फ्लोर टैस्ट से भी बीजेपी भाग गई और 31 मार्च को 13642 करोड़ रुपए का आर्डिनेंस लाते हैं। ऐसी क्या जल्दी थी, अगर 27 मार्च को आपने प्रेज़ीडेंट रूल लगाया तो उसी दिन आर्डिनेंस लाते, ऐसा क्या हुआ कि आपमें 31 मार्च को अचानक उत्तराखंड के प्रति सहानुभूति जाग गई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दस मई को, यानी कल फ्लोर टैस्ट होगा। कल पता चलने वाला है कि उत्तराखंड सरकार का बहुमत किसके हाथ में है। आप एक दिन भी रुक नहीं पाए। ऐसी क्या जल्दी है कि आज ही एप्रोप्रिएशन बिल और आर्डिनेंस बिल को लाना था जबकि कल ही फ्लोर टैस्ट होने वाला है। आप फ्लोर टैस्ट से डरते हैं। यह तीसरी बार हो चुका है कि जब भी फ्लोर टैस्ट आया है, बीजेपी हमेशा कोई न कोई ओब्सटेकल लगाती है।

अध्यक्ष महोदया, आज बीजेपी की राजनीति में दो शस्त्र आ गए हैं पहला आर्टिकल 356 और दूसरा आर्डिनेंस। हमने इस साल के शुरूआत में कांस्टीट्यूशनल दिवस मनाया था। हमने बहुत भाÂषण दिए और डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को याद किया लेकिन हम उनके आदर्शों और उनकी आकांक्षाओं को भूल चुके हैं। डॉ. अम्बेडर ने स्वयं कहा था कि आर्टिकल 356 रेयर आफ दि रेयरेस्ट केस में होना चाहिए लेकिन आपकी सरकार ने तीन महीने में ही दो बार इसका यूज़ किया। बिहार और दिल्ली के चुनावों से पता चल गया कि चुनाव के माध्यम से तो आप सरकार नहीं बना पाएंगे और आर्टिकल-356 और आर्डिनेंस के द्वारा जो आपके नए राजनीतिक अस्त्र हैं, इनका उपयोग कांग्रेस मुक्त भारत के लिए प्रयोग करेंगे।...(व्यवधान)

महोदया, मैं अब वित्त मंत्री जी की स्टेटमेंट की बात करना चाहूंगा। उन्होंने पहले कहा कि बिल पारित नहीं हुआ। प्राइमाफेसी एविडेंस से बिल पारित नहीं हुआ। सदन में आधार बिल आता है, उसे मनी बिल करार दिया जाता है, फिर उसे पास कर दिया जाता है, आर्डिनेंस दिया जाता है लेकिन आपका जो निर्णय है, कांग्रेस हमेशा उसको सम्मान देती है।

SHRI ARUN JAITLEY: Do not say that, because you have challenged the Speaker's ruling on Aadhaar Bill itself before the Supreme Court. This is the first time in India that the Legislature or a Member of a Legislative Body is inviting the court to say that the Speaker's rulings are subject to judicial review; and that is your party.

श्री गौरव गोगोई: मैं वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं 70 साल में पहली बार ऐसा हुआ है कि दिल्ली में रायसीना हिल में बैठे नेता निर्णय ले रहे हैं कि किसी राज्य की विधान सभा में बिल पारित हुआ या नहीं हुआ। दिल्ली में बैठे रायसीना हिल के नेता राज्य विधानसभा के स्पीकर से बड़े हो गए हैं। संविधान में ऐसा नहीं लिखा है। वित्त मंत्री जी ने स्वयं कहा है कि संविधान के आर्टिकल-212 में लिखा है कि कोर्ट भी नहीं पूछ सकता कि एक स्पीकर ने हाउस को कैसे कंडक्ट किया लेकिन आज केंद्र सरकार तो सुप्रीम कोर्ट से भी बड़ी हो गई है। वित्त मंत्री सुप्रीम कोर्ट से भी बड़े हो गए हैं। वे स्वयं कह रहे हैं कि बिल पारित नहीं हुआ। स्पीकर ने लिखित में कहा और आज केंद्र सरकार का यही अहंकार है, यही नारसिस्टिक ट्रेंड है कि स्पीकर से बड़े हो गए और सुप्रीम कोर्ट से बड़े हो गए। आज मनी बिल पर स्पीकर की जो आथोरिटी है, संविधान के अनुच्छेद 110 (3) में लिखा है कि मनी बिल है या नहीं है, उस पर स्पीकर की रूलिंग फाइनल है।

Whether a Bill is a money Bill or not is final. When the Speaker has said that the money Bill has been passed, that cannot be questioned. लेकिन बीजेपी कहती है कि यह पारित नहीं हुआ। यह किसके आधार पर ऐसा कहती है? बीजेपी के स्वयं के विधायकों के आधार पर ऐसा कहती है। ...(व्यवधान) निर्णय कौन लेता है? निर्णय भी बीजेपी लेती है। मतलब ज्यूरी भी बीजेपी, ज़ज भी बीजेपी और उसे अन-कांस्टीट्यूशनल कहकर एक नया आर्डिनेंस लाकर एक्जीक्यूशनल भी बीजेपी है। यह है आपका डेमोक्रेसी और संविधान का मॉडल, जिसमें ज़ज भी आप, ज्यूरी भी आप और एक्जीक्यूशनर भी आप। आपको बधाई हो।

कांस्टीट्यूशन दिवस पर डॉ. अम्बेडकर जी की स्मृति के दिन यह तो नहीं कहा कि चेक एंड बैलेंस नहीं होना चाहिए। तब तो आपने नहीं कहा कि ज़ज भी हम, ज्यूरी भी हम और एक्जीक्यूशनर भी हम। आज आप किसके आधार पर कह रहे हैं? ...(व्यवधान) बीजेपी के विधायक लिखित रूप में पत्र लेकर गवर्नर के पास गये। क्या वह आधार है, वह सबूत है कि एप्रोप्रिएशन बिल पास नहीं हुआ? आप किसके आधार पर कह रहे हैं ...(व्यवधान) कि वोट से पहले विधायकों ने लिखित रूप से कहा कि वहाँ पर डिवीज़न होना चाहिए, तो क्या यह इससे साबित हो गया? यह एक ही चीज से साबित होता है। ...(व्यवधान) यह सिर्फ फ्लोर टेस्ट से साबित होता है। ...(व्यवधान) यह बोम्मई के केस में ज़ज का ज़जमेंट है। ...(व्यवधान) आप उस ज़जमेंट को पढ़िए। यह एक सिर्फ फ्लोर टेस्ट से साबित होता है। ...(व्यवधान) यह लिखित रूप से गवर्नर की मीटिंग से नहीं होता है। ...(व्यवधान) स्पीकर के साथ लिखित रूप में कॉरिसपौंड करने से नहीं होता, यह केवल फ्लोर टेस्ट से साबित होता है। यह बात याद रखिए।...(व्यवधान)

मैं दूसरी बात ब्रेक डाउन ऑफ कांस्टीट्यूशनल मशीनरी के बारे में कहना चाहता हूँ। यह किसके आधार पर कहा जाता है। यह इसलिए कहा जाता है कि विधायकों ने डिवीज़न मांगा और डिवीज़न नहीं दिया गया, उसके आधार पर यह कहा जाता है। ...(व्यवधान)

मैडम स्पीकर, हम लोग भी आपसे एडज़र्नमेंट मोशन मांगते हैं, हम लोग भी लिखित में देते हैं। जब सुबह में आप मिलती हैं, तो कभी मुस्कराकर हमें इसके लिए स्वीकृति दे देती हैं, कभी हमें नियम समझाकर आप बता देती हैं कि यह पॉसिबल नहीं है। यदि यह पॉसिबल नहीं है तो क्या can I make a case कि यह कांस्टीट्यूशनल ब्रेक डाऊन हो गया क्योंकि विपक्ष की बात नहीं सुनी जा रही है। ऐसा कैसे? ...(व्यवधान)

एक समय था, जब इस पार्लियामेंट में छः से ज्यादा राजनीतिक दल के लोग पार्लियामेंट के बाहर थे, वे एक हफ्ते के लिए सस्पेंड थे। Is that not the breakdown of constitutional machinery? लेकिन उन्होंने लिखित रूप में डिवीज़न मांगा और नहीं दिया गया। इसीलिए आप बोल रहे हैं। आप यह दुबारा उल्लंघन कर रहे हैं। You cannot question the conduct of a Speaker. आज क्या हो गया है? Where is federalism?

प्रधानमंत्री मोदी जी को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म की बात कहते हैं, लेकिन मुँह पर को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म और दिल में कांग्रेस मुक्त भारत है। हटाओ किसी तरीके से, ...(व्यवधान) भाÂषण में को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म की बात सुनने में अच्छा लगता है, लेकिन रात को मीटिंग करके सरकार को हटा दो, ...(व्यवधान) अरूणाचल प्रदेश में रेस्टोरेंट में बैठकर हटा दो चुनी हुई सरकार को। यह है बीजेपी का मॉडल।...(व्यवधान) आज वित्त मंत्री जी ने रेफर किया, इसलिए मैं बोल रहा हूँ। वित्त मंत्री जी ने कम्पोजीशन ऑफ द हाउस को रेफर किया और उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस में भी कहा कि कम्पोजीशन ऑफ द हाउस को अल्टर किया जा रहा है। वे किस पर ऊँगली उठा रहे हैं? वे थोड़ा साफ-साफ कहें। आज के हाई कोर्ट का हम सम्मान करते हैं। हर कोर्ट का हम सम्मान करते हैं, कांग्रेस सम्मान करती है। हाई कोर्ट ने लिखा है कि स्पीकर को डिसक्वालीफिकेशन की अथोरिटी है। अपहेल्ड करते हैं। लेकिन आप लोगों के लिए यह काफी नहीं है। वित्त मंत्री जी, यह आपके स्टेटमेंट में तो नहीं है, लेकिन आपने प्रेस कांफ्रेंस में हॉर्स ट्रेडिंग और एल्योरमेंट के बारे में एक बार कहा था। इसलिए मैं वह बात इस सदन में उठाना चाहता हूँ। मैडम, हॉर्स ट्रेडिंग कब होता है? जब दो अलग-अलग दल के लोग मिलकर एक राजनीतिक षडयंत्र करते हैं। अगर दो दल मिल-जुलकर चुनी हुई सरकार के खिलाफ कुछ काम करते हैं तो हॉर्स ट्रेडिंग कौन कर रहा है, यह आपको पता चल गया है।...(व्यवधान)

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : स्टिंग ऑपरेशन में कौन था?...(व्यवधान) स्टिंग ऑपरेशन के बारे में भी बताइए। ...(व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई: आज यह एप्रोप्रिएशन बिल आया है,...(व्यवधान) अभी मैंने एप्रोप्रिएशन बिल देखा है।...(व्यवधान) आप कोर्ट में जाइए, जो कोर्ट बोलेगा, हम उसका सम्मान करेंगे, लेकिन आपकी बातों को हम सब नहीं मानते। ...(व्यवधान) हम कोर्ट का सम्मान करते हैं।...(व्यवधान) आप ही जज, आप ही ज्यूरी, आप ही एग्जिक्यूशनर, ऐसी सरकार नहीं चल सकती। ...(व्यवधान) यह राजनीति नहीं है।...(व्यवधान) अगर आपको ऐसी राजनीति चाहिए तो यह हम भारत में नहीं होने देंगे। ...(व्यवधान) आज यहां पर लेजिस्लेटर्स, काउंसिल ऑफ मिनिस्टर्स, एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ जस्टिस बहुत सहानुभूति दिखा रहे हैं उत्तराखण्ड के प्रति, लेकिन जब उत्तराखण्ड के जंगल में आग लगी, करोड़ों बीघे जमीन पर जब आग लगी, तब यह सरकार सो रही थी। ...(व्यवधान) सोशल मीडिया पर जब बात आई, तब आपकी सरकार जगी। ...(व्यवधान) कितने दिन के लिए सो रही थी। आप आज उत्तराखण्ड के लिए सहानुभूति दिखा रहे हैं।...(व्यवधान) 30 मार्च को आप यह आर्डिनेंस लाए और आज 9 मई है। इतने दिन क्यों रुके रहे आप? जरूर आपका ध्यान था कोर्ट की तरफ कि कोर्ट क्या कहेगा? आप 9 की संख्या की तरफ देख रहे हैं और मुझे लगता है कि उसी के कारण आज आप यहां इस स्तर पर पहुंचे हैं।...(व्यवधान) अगर आपको इतनी ही चिन्ता है,...(व्यवधान) जम्मू-कश्मीर में क्या हुआ, एक महीने तक वहां हमें यह पता नहीं चला कि कौन सी सरकार है। वहां मुख्यमंत्री कौन है, वित्तमंत्री कौन है, हमें नहीं पता चला। इसका क्या यह मतलब है कि केन्द्रीय मंत्री जम्मू-कश्मीर के लिए ऑर्डिनेंस पारित करेगा।

असम में 11 अप्रैल को वोटिंग खत्म हुई, एक महीने बाद अब रिजल्ट आने वाला है तो क्या इस एक महीने की अवधि के लिए केन्द्र सरकार ऑर्डिनेंस पारित करेगी? ...(व्यवधान) आप थोड़ा सा रुक जाइए, थोड़ा संयम दिखाइए। ...(व्यवधान) निर्वाचन से जीतिए। निर्वाचन का रास्ता पकड़िए। अम्बेडकर जी का नाम लेते हैं, निर्वाचन से जीतिए।...(व्यवधान) बीजेपी का जो मॉडल है, वह आज साफ-साफ लोगों के सामने आ गया है। एक ही मॉडल है- इस देश की चुनी हुई सरकार को डिस्टेबलाइज करना। ...(व्यवधान) आपका निशाना किस पर है? आपका निशाना है वे छोटे-छोटे राज्य, जहां आपको लगता है कि दिल्ली में बैठकर अरुणाचल प्रदेश में आप जो चाहेंगे, आपका अहंकार और आपकी मनमानी चल जाएगी। मणिपुर एक छोटा पहाड़ी राज्य है, वहां आप अपनी मनमानी चला लेंगे।..(व्यवधान) उत्तराखण्ड में आप अपनी मनमानी चला लेंगे।...(व्यवधान) हिमाचल प्रदेश में आप मनमानी चला लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है। उत्तराखण्ड में वही होगा जो वहां के एक करोड़ लोग चाहते हैं, न कि रायसीना हिल में बैठने वाले लोग। ...(व्यवधान) आज क्या हो रहा है? यह सरकार आई थी विकास के मुद्दे पर। आज भारत में अनेक महत्वपूर्ण समस्याएं हैं। सूखा है, प्राइस राइज है। आपकी ही लेबर मिनिस्ट्री से रिपोर्ट आती है कि जॉब्स घट रही हैं। अप्रैल से मार्च क्वार्टर में 43000 jobs lost. The last two years have reported the lowest addition to jobs in the history of the last five years. यह आपकी ही रिपोर्ट है। क्या ये महत्वपूर्ण मुद्दे नहीं हैं। किसान आत्महत्या कर रहे हैं, सूखा आज पश्चिम से दक्षिण भारत तक है। क्या ये महत्वपूर्ण बातें नहीं हैं?...(व्यवधान)

पाकिस्तान से संबंधित हमारी विदेश नीति पर बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न लग गया है, क्या यह महत्वूर्ण विÂषय नहीं है? आज टैक्सेस बढ़ रहे हैं, रेल का किराया बढ़ रहा है, लेकिन रेल टाइम पर नहीं चल रही है। इंडस्ट्री की हम बात करते हैं। आज इंडस्ट्री को एक स्टेबल पॉलिटिकल क्लाइमेंट चाहिए, लेकिन आप जिस प्रकार से इनस्टेबिल्टी क्रिएट कर रहे हैं, उसमें आप मेक इन इंडिया सपना पूरा नहीं होने वाला है। अरुणाचल प्रदेश में अगर इनस्टेबिल्टी रहेगी तो वहां कौन इंडस्ट्री जाएगी। अगर उत्तराखण्ड में इनस्टेबल पोलिटिकल क्लाइमेट रहेगी तो वहां कौन इंडस्ट्री लगाएगा? आपने बड़े आराम से कह दिया कि चार-पांच महीने के लिए एप्रोप्रिएशन बिल है, मतलब चार-पांच महीने के लिए सारे एफडीआई प्रोजेक्ट्स, सारे इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स स्थगित हैं। यह कांस्टीट्यूशनल क्राइसिस कौन लेकर आया? आप लेकर आए हैं। Deliberately, you are provoking a crisis in today's scenario. Deliberately you are killing democracy; you are chocking democracy. All you had to do was to wait for electoral exercise. Trust the people. They will lead to what Abraham Lincoln says: Democracy is the Government of the People, for the People and by the People. लेकिन आजकल यहां डेमोक्रेसी का मतलब बन गया है आरएसएस की सरकार, आरएसएस के लिए, आरएसएस से होगी और आरएसएस का एक सपना है कांग्रेस मुक्त भारत।

मैं अंत में एक बात ही कहना चाहूंगा कि जो लोग कोऑपरेटिव फेडरलिज्म की बात करते हैं, लेकिन दिल में कांग्रेस मुक्त भारत का सपना रखते हैं, मैं आज उनको एक ही बात कहना चाहता हुं, राम

प्रसाद बिस्मिल जी ने कहा था-

'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है,

देखना है जोर कितना बाजु-ए-कातिल में है।'

मैडम स्पीकर, आज हम उत्तराखण्ड की एक करोड़ आबादी के लिए इंसाफ मांगते हैं, जिन्होंने वर्ष 2012 में चुनी हुई सरकार बनाई। हम इंसाफ चाहते हैं लोकतंत्र के लिए, जिस लोकतंत्र के परिपेक्ष्य में निर्वाचन आज महत्वपूर्ण नहीं है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। हम इंसाफ मांगते हैं भारत के उन युवाओं के लिए जो आइडलिस्ट होकर आपकी तरफ देख रहे हैं, राजनीति में आना चाहते हैं, उसमें शामिल होना चाहते हैं, लेकिन आपने राजनीति में जिस प्रकार का माहौल बना दिया है, उसके कारण युवाओं का राजनीति से विश्वास उठ गया है। मैं इंसाफ मांगता हूं कि हर चुनी हुई सरकार जो बीजेपी की नहीं है, वे अपनी असेम्बली में बिल पारित कर रहे हैं, लेकिन उनके मन में भय है कि रायसीना हिल में बैठे बड़े-बड़े नेता कहीं उन पर प्रहार तो नहीं करेंगे और प्रहार ही है।

आज माननीय सुप्रीम कोर्ट का वर्डिक्ट दिया है कि जो नौ एमएलए हैं, वे वोट नहीं कर पाएंगे। यह सुप्रीम कोर्ट का निर्णय अभी आया है। हम कोर्ट का सम्मान करते हैं, हम कोर्ट पर विश्वास करते हैं। यह सरकार ऐसा माहौल न बनाए जिससे कोर्ट के साथ कनफलिक्ट हो। चुनी हुई राज्य सरकारों के साथ इस तरह का माहौल न बनाए जहां कनफलिक्ट हो और खास कर के हाउस के स्पीकर पर, वह चाहे किसी भी दल का स्पीकर हो, चाहे वह आपके दल का हो, हमारे दल का हो या किसी भी दल का हो, उसकी अथॉरिटी को चैलेंज न किया जाए। This will set a very bad and dangerous precedent for Indian democracy. इसीलिए हमने पिछले हफ्ते लोकतंत्र बचाओ का आंदोलन किया था।

हम उत्तराखण्ड के विपक्षो आंदोलन से प्रेरणा लेते हैं और विपक्षो आंदोलन के कार्यकर्ताओं की तरह हम भी न ही कभी पीछे हटेंगे और न ही कभी अपना सिर झुगाएंगे।

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार): माननीय अध्यक्षा जी, माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा उत्तराखण्ड के बजट से संबंधित जो विधेयक प्रस्तुत किया गया है, मैं उसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

महोदया, मैं यह कहना चाहता हूं कि हम उस राज्य के बारे में आज यहां चर्चा कर रहे हैं जो विश्व गुरु भारत का भाल यानी माथा कहा जाता है। वह राज्य, जिसके बारे में गौरव जी कह रहे थे कि विपक्षो आंदोलन के प्रणेता, गौरा देवी जिन्होंने पूरी दुनिया को पर्यावरण और वन संरक्षण का संदेश दिया। यह राज्य पेशावर के महानायक वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली की जन्मस्थली है। यह वही राज्य है, जहां कवि सुमित्रानंदन पंत का जन्म हुआ। यह वही राज्य है, जहां महाकवि कालिदास का जन्म कविल्ठा कालीमठ में हुआ। यह वही राज्य है, जहां चक्रवर्ती सम्राट भरत, जिनके नाम से इस देश का नाम भारत वर्ष पड़ा, का जन्म हुआ। स्वर्ग से उतरकर जिस राज्य में मां गंगा पूरे विश्व के कल्याण के लिए प्रवाहित होती है, यह वही राज्य है। यह वही राज्य है जो आयुषो वेदः आयुर्वेदः यानी आयुर्वेद जो पूरी दुनियां के तन और मन की व्याधियों को ठीक करने के लिए है, उस आयुर्वेद के जन्मदाता ऋषि चरक का जन्मस्थली यह राज्य है। यह वही राज्य है जहां हिमालय है, जो पूरे एशिया का वॉटर टावर है। यह वही राज्य है, जो संस्कृत का जन्मदाता है, जिससे पूरी दुनिया की भाÂषाओं की उत्पति होती है। यह राज्य वेद, पुराणों और उपनिÂादों का जन्मदाता है, जिसने सारी दुनिया को दिशा दी। यह वही राज्य है जो पूरी दुनिया के तन और मन को ठीक करता है। यहां संजीवनी बूटियां भी हैं तो धर्म के लिए चार धाम बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमनोत्री और गंगोत्री हैं और यहां हेमकुंड साहब जैसे धार्मिक स्थल भी है। मुझे कुछ बातें सुनकर बहुत दुख हो रहा था, मैं यह समझता हूं कि अध्यक्ष महोदया मूल विषय 18 मार्च, 2016 का है। 18 मार्च को उत्तराखंड की विधान सभा में विनियोग विधेयक पारित किया जा रहा था, उस दिन जो परिस्थितियां वहां घटित हुई हैं, वे दुनिया में किसी से छिपी नहीं हैं। मूल विषय यह है कि क्या वह विनियोग विधेयक पास हुआ या नहीं हुआ। सच तो यह था कि वह विनियोग विधेयक पास नहीं हुआ। सदन के पटल पर भारतीय जनता पार्टी के 27 सदस्यों ने और नौ कांग्रेस के बागी विधायकों ने खड़े होकर उसका विरोध किया, उसकी सी.डी. है, उसके प्रमाण हैं कि सदन में ही खड़े होकर कहा गया कि इस विनियोग विधेयक के खिलाफ हमने मत दिया है। जबकि उससे पहले राज्यपाल को सुबह 27 भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने लिखित में दिया था कि हम विधान सभा में मत विभाजन की मांग कर रहे हैं, हमें अध्यक्ष पर भरोसा नहीं है, आप मत विभाजन कराइये। यह शंका पहले से थी कि उत्तराखंड की विधान सभा के अध्यक्ष उस सरकार को बचाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

महोदया, मैंने खड़गे जी को भी सुना, मैं चुप रहा, मैंने एक शब्द भी नहीं कहा। मैंने गौरव गोगोई जी को भी सुना, मैंने प्रोफेसर साहब सौगत राय जी को भी सुना। मैं यह सोचता हूं कि यदि वहां के बारे में जानकारी नहीं है तो केवल अखबारों की कटिंग्स को लेकर इतनी बड़ी चर्चा हो, एक सदन में संविधान की हत्या की जा रही हो, जिसके प्रमाण हैं और वहां पर 35-36 लोगों ने उस विधेयक के खिलाफ मत दिया और उस समय उसके पक्ष में केवल 32 लोग थे, यह किसी से छिपा नहीं है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यदि भारत के संविधान में यह व्यवस्था है कि यदि एक भी सदस्य मत विभाजन की मांग करता है तो उस पर मत विभाजन किया जायेगा। फिर कौन सा कारण था कि मत विभाजन की मांग करने के बाद भी मत विभाजन नहीं कराया गया। मैं इसे तथ्यों के साथ पेश कर रहा हूं, मेरे पास ये प्रमाण हैं कि विधान सभा की कार्रवाई में यह लिखित है, वहां यह भी लिखित है कि मत विभाजन की मांग की गई, यह वहां की कार्रवाई में आया हुआ है। यदि कार्रवाई में यह आया कि मत विभाजन की मांग की गई तो सवाल खड़ा होता है कि अध्यक्ष जी ने मत विभाजन क्यों नहीं कराया?

महोदया, दूसरा सवाल यह उठता है कि जब सुबह ही राज्यपाल जी को लिखकर दे दिया था कि विधान सभा अध्यक्ष पर भरोसा नहीं है, आज विनियोग विधेयक पर भारतीय जनता पार्टी मत विभाजन चाहती है। राज्यपाल जी को सुबह लिखित में दिया, उसका भी उत्तर हमारे पास है, जो रिसीव कापी है। इसका मतलब जिस बात की चर्चा हो रही है, मुझे इस बात का अफसोस होता है और उसके बाद वे सारे 35-36 विधायक एक साथ सदन से उठकर जाते हैं और अविश्वास प्रस्ताव के लिए लिखित में विधान सभा सचिव को देते हैं कि यह विधेयक फेल हो गया, अध्यक्ष जी ने गलत किया, जबरदस्ती मत विभाजन नहीं किया। इसलिए अविश्वास प्रस्ताव के लिए 35 विधायकों ने वही उसी समय विधान सभा सचिव को लिखकर दिया। यह सब लिखित में है। मैं 18 मार्च की बात कर रहा हूं, क्योंकि राजभवन में मैं भी उपस्थित था, जब ये सारे के सारे विधायक जिसमें 27 भारतीय जनता पार्टी के विधायक थे और 9 कांग्रेस के विधायक थे, जिन्होंने राज्यपाल जी को लिखित में दिया और राज्यपाल जी ने केवल वही पत्र नहीं, बल्कि वीडियोग्राफी करवाई और राज्यपाल जी ने यह भी कहा कि आप खड़े होकर यह भी कहें कि आप किस दल से हैं। जो कांग्रेस के नौ विधायक थे, उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस के हैं, क्योंकि हमने इस धन विधेयक के खिलाफ मत दिया है, इस सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। यह कांग्रेस के विधायकों ने कहा है। उसके बाद भी यह चर्चा हो रही है कि वह पास हुआ कि नहीं हुआ। उसके बाद धारा 356 के बारे में चर्चा हो रही है। मूल विÂषय तो यह है। मैं गोगोई जी से कहना चाहता हूँ, उनको थोड़ा सा पीछे ले जाना चाहता हूँ।

महोदया, जब मैं सन् 1991 में पहली बार उ.प्र. में विधायक बना, तब बहुत उत्साह था, लेकिन 6 दिसंबर, 1992 को, आदरणीय कालराज मिश्र जी यहां हैं, क्या कांग्रेस बता सकेगी कि चार सरकारें क्यों बर्खास्त हो गई थीं। 6 दिसंबर, 1992 को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को बर्खास्त कर दिया गया। उनका क्या कसूर था, क्या आप जवाब दे सकते हैं? उन चार सरकारों का क्या कसूर था, जो उनको रातों-रात बर्खास्त कर दिया गया। यहां तो इतनी बड़ी घटना हो गई। इतनी बड़ी घटना होने के बाद, हम भी राÂष्ट्रपति जी के पास आए थे कि वहां संविधान की हत्या हो रही है, धन विधेयक गिर गया है, मुख्य मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए था। उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया, संवैधानिक संकट हुआ, मैं केंद्र सरकार का आभारी हूँ कि उन्होंने भी इन परिस्थितियों को देखा और महामहिम राÂष्ट्रपति जी का अभिनंदन करना चाहता हूँ कि उन्होंने संविधान की मर्यादा को बचाया। संविधान के उस संकट को राÂष्ट्रपति शासन लगा कर के ऐसी सरकार जो लोकतंत्र की हत्या कर रही थी, उसको बर्खास्त किया।

मैं दूसरी बात कहना चाहता हूँ कि कांग्रेस क्या यह जवाब देगी कि जो श्री मधु कौड़ा, केवल एक निर्दलीय सदस्य के लिए आपने सरकार को क्यों बर्खास्त कर दिया। श्री मधु कौड़ा के बारे में मैं ज्यादा नहीं जाना चाहता। आपने ऐसा क्यों किया, यह सारी दुनिया जानती है।

क्या आप बता सकते हैं कि आपने श्री अर्जुन मुंडा की सरकार को दो-दो बार क्यों बर्खास्त कर दिया। मैं इस पर ज्यादा समय खराब नहीं करना चाहता हूँ क्योंकि मुझे उत्तराखण्ड पर भी बोलना है। लेकिन मैं यदि बोलूंगा तो इतिहास है कांग्रेस का कि धारा 356 का किस सीमा तक कांग्रेस ने दुरुपयोग किया है। कांग्रेस को बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

अध्यक्षा जी, मैं यह कहना चाहता हूँ कि हम छोटे राज्यों के पक्षधर रहे हैं। यह जो राज्य बना, जिसके बारे में कहा जा रहा है, गोगोई साहब कह रहे थे कि वहां के लोगों ने कांग्रेस को चाहा। कांग्रेस को लोगों ने कभी नहीं चाहा। पचास साल से उत्तराखण्ड की जनता चिल्लाती रही कि हमको अलग राज्य दीजिए। हम अलग राज्य केवल इसलिए नहीं मांग रहे थे कि कुछ लोग एमएलए बन जाएं, मंत्री बन जाएं, सिर्फ इसलिए ही नहीं चाहते थे। राजनैतिक आकांक्षाओं के लिए हम राज्य नहीं चाहते थे। हमको मालूम है कि उत्तराखण्ड भारत के हिमालय का माथा है, वह देश की पूंजी है, पूरी दुनिया

की धरोहर है, हम उस माथे को सशक्त और सबल करने के लिए अलग राज्य चाहते थे। लेकिन कौन भूल जाएगा खटीमा कांड को, कौन भूल जाएगा रामपुर तिराहे कांड को, कौन भूल जाएगा मसूरी कांड को। रामपुर तिराहे पर मेरी माँ-बहनों का किस सीमा तक अपमान हुआ। मेरे बेगुनाह नवयुवकों का कत्लेआम हुआ, खून की नदियां बहा दी गई। कांग्रेस ने क्या किया? इसलिए मैं ज्यादा पीछे नहीं जाना चाहता हू और खटीमा कांड जैसे कांड, जिनको याद कर के सिहरन पैदा हो जाती हो, ऐसे कांड हुए हैं। पचास साल तक आपने हमें हमारा अधिकार नहीं दिया। उस राज्य से औसतन एक परिवार से एक व्यक्ति सेना में भर्ती हो कर राÂष्ट्र की सीमा पर अपनी कुर्बानी देता है और दूसरी पंक्ति में उस राज्य की माँ और बहनें दो-दो विदेशी सीमाओं पर खड़ी हो कर सेनानी की तरह राÂष्ट्रभक्ति का अनन्य प्रमाण देती हैं। यह है वह राज्य। हम पर्यावरण की पहली पाठशाला हैं। देश को वायु भी देते हैं, प्राणवायु भी देते हैं, पानी भी देते हैं तो जवानी भी देते हैं। हम अपने लिए कुछ नहीं करते हैं। आज भी 70 प्रतिशत वनक्षेत्र वहां पर है। राजाजी नैशनल पार्क हो, चाहे जितने भी नैशनल पार्क हैं, वहां की अरबों-खरबों रूपये की संपत्ति पर हम हाथ भी नहीं लगाते हैं। देश के पर्यावरण की रक्षा के लिए ऑविसजन देने के लिए हम कुर्बानी देते हैं। हमने कभी भी कुछ नहीं कहा, लेकिन उस राज्य के बारे में बोला जाए, जिस राज्य को आजादी की 50 साल तक कांग्रेस ने नोंच-नोंच कर खाया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को मैं याद करना चाहता हूँ, उनके चरणों में प्रणाम करना चाहता हूँ।

